अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियां

निरीक्षण प्रतिवेदन

दिनांक–13.12.2025 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा पथ प्रमंडल, पूर्णियाँ के अधीन रूपौली से विजयघाट भाया मोहनपुर पथ का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक निदेश दिए गए:–

उपस्थित पदाधिकारी:–

(1) ई0 इरफान अली, अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, पूर्णियाँ

(2) श्री रामरूप मंडल, कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल, पूर्णियाँ

(3) संवेदक प्रतिनिधि

उक्त पथ की लंबाई (Descope के पश्चात्) 18.5 कि0 मी0 एवं चौड़ाई 5.5 मी0 है। उक्त कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति विभागीय पत्रांक– 6611(एस), दिनांक– 28.08.2018 द्वारा रू0 6339.62 लाख मात्र है। मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक– 254 अनु0, दिनांक– 22.04.2024 द्वारा रू0 4695.91 लाख मात्र के लिए तकनीकी स्वीकृति प्रदान किया गया है। उक्त कार्य के एकरारनामा की राशि 5710.87 मात्र है। कार्य प्रारंभ की तिथि दिनांक– 04.01.2020 एवं एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि दिनांक– 03.04.2022 निर्धारित थी।

निरीक्षण के दौरान पथ की निम्नलिखित स्थिति पाई गई:–

- पथ के 1ले कि0 मी0 (बाजार भाग) में PQC कार्य कराया गया है, जिसके Flank में मिट्टी नहीं है। स्थानीय लोगों द्वारा आए दिन दुर्घटना की बात कही गई। संबंधित अभियंता एवं संवेदक प्रतिनिधि को अविलंब पथ के Flank में मिट्टी डालने हेतु निदेश दिया गया।
- पथ के 2रे कि0 मी0 में भी Surface Rough पाया गया एवं Flank में मिट्टी नहीं पाई गई।
- पथ के 5वें, 7वें एवं 8वें कि0 मी0 में Pots पाए गए, जिसे तत्काल ठीक कराने का निर्देश दिया गया।
- पथ के 9वें कि0 मी0 में स्थित पुल के Approach में बड़ा सा Hole हो गया है, जिसे अविलंब मरम्मति करने का निर्देश संबंधित अभियंता एवं संवेदक प्रतिनिधि को दिया गया।
- निरीक्षण के दौरान चैनेज 9+000, 10+400, 11+200 एवं 11+700 पर निर्मित 2x2 m आकार के CD के पहुँच पथ का कार्य अपूर्ण पाया गया।
- पथ में Road Furniture(Road Signage एवं Road Marking) का कार्य किया हुआ नहीं पाया गया।
- पथ में कि0 मी0 पोस्ट भी कहीं– कहीं ही पाया गया। पाये गए कि0 मी0 पोस्ट की पुनः लिखाई एवं रंगाई की आवश्यकता है।
- चैनेज 14+400 में 75 मी0 लंबाई में PQC कार्य नहीं किया गया है।
- चैनेज 17+350 में निर्मित कल्भर्ट का Wing wall भी नहीं बनाया गया है।

पथ के निरीक्षण से स्पष्ट होता है कि संवेदक द्वारा कार्य में शिथिलता बरती जा रही है। पूर्व में कई बार पथ के निरीक्षण के दौरान अधोहस्ताक्षरी द्वारा संबंधित संवेदक पर एकरारनामा के सुसंगत कंडिकाओं के आलोक में कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। पुनः कार्यपालक अभियंता को संवेदक पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

13-12-25

अधीक्षण अभियंता
प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियाँ।

Scanned with OKEN Scanner

दिनांक– 13.12.2025

ज्ञापांक– 1491

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, पूर्णियाँ को सूचनार्थ प्रेषित। ... निरीक्षण से स्पष्ट होता है कि संवेदक द्वारा कार्य में अभिरूचि नहीं ली जा रही है। अतः उनपर एकरारनामा के सुसंगत कंडिकाओं के आलोक में कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाय।

13.12.25
अधीक्षण अभियंता
प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियाँ।

ज्ञापांक– 1491 दिनांक– 13.12.2025

प्रतिलिपि :– मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

13.12.25
अधीक्षण अभियंता
प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियाँ।

ज्ञापांक– 1491 दिनांक– 13.12.2025

प्रतिलिपि :– अभियंता प्रमुख(कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

13.12.25
अधीक्षण अभियंता
प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियाँ।

Scanned with OKEN Scanner